भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 22

गुरूवार, 8 दिसम्बर, 2022/ 17 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमान यात्रा बेहतर करने हेतु सुझाव

***22. श्री जगन्नाथ सरकार:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागर विमानन मंत्रालय की वेबसाइट के माध्यम से विशेष रूप से उडान के दौरान की गई उद्घोषणा के संदर्भ में सुझाव प्राप्त हुए हैं जिसमें हवाई यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाने के लिए सुझाव मांगे गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) अब तक लागू किए गए सुझावों की संख्या सहित प्राप्त सुझावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य म. सिंधिया)

(क) से (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"विमान यात्रा बेहतर करने हेतु सुझाव " विषय पर लोक सभा के दिनांक 08 दिसंबर, 2022 के मौखिक प्रश्न संख्या 22 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित वक्तव्य।

(क) तथा (ख) : जी, हां। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा प्रचालित एयर सेवा पोर्टल का उपयोग, विमान यात्रियों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए किया जाता है। एयर सेवा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध रूप से निपटान किए जाने के लिए मंत्रालय के एयर सेवा सेल द्वारा निगरानी की जाती है। ऐसी शिकायतों में कुछ सुझाव भी प्राप्त होते हैं। इस प्रकार की सभी शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित एयरलाइन, हवाईअड्डों अथवा स्टेकधारकों के साथ साझा किया जाता है।

अप्रैल-नवम्बर, 2022 की अवधि के दौरान 6755 शिकायतें/सुझाव प्राप्त हुए थे जिनमें से 6671 का निपटान कर दिया गया है।